# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन ०६/२०२४ - एन टी पी सी पूर्व स्नातक स्तर - CEN - 06/2024 - NTPC Under Graduate Level

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 08/08/2025 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC Under Graduate CBT I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Awareness**

**Q.1** किस दीर्घकाली रोग में फेफड़ों के वायुकोषों की आंतरिक भित्ति (एल्वियोली) क्षतिग्रस्त होने के कारण अंततः फट जाती है?

Ans
✔ 1. वातस्फीति
✘ 2. दुष्चयन
✘ 3. पुटीय रेशामयता
✘ 4. वितालता

**Q.2** कैबिनेट मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू किस मंत्रालय से संबंधित थे, मई 2025 में विश्व आर्थिक मंच (WEF) यंग ग्लोबल लीडर्स सूची 2025 में किसे नामित किया गया था?

Ans
✘ 1. कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय
✘ 2. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
✔ 3. नागरिक उड्डयन मंत्रालय
✘ 4. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**Q.3** किस इंडियन लाइट टैंक (ILT) ने दिसंबर 2024 में 4200 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर विभिन्न रेंजों पर अनेक राउंड फायर करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है?

Ans
✔ 1. ज़ोरावर (Zorawar)
✘ 2. ध्रुव (Dhruv)
✘ 3. युवराज (Yuvraj)
✘ 4. अमर (Amar)

**Q.4** डिकेथलॉन (Decathlon), जिसने 2009 में भारत में अपना पहला आउटलेट बेंगलुरु में स्थापित किया, एक ___________ है।

Ans
✘ 1. चीनी खेल सामान खुदरा विक्रेता (Chinese sports goods retailer)
✘ 2. स्वीडिश खेल सामान खुदरा विक्रेता (Swedish sports goods retailer)
✔ 3. फ्रांसीसी खेल सामग्री खुदरा विक्रेता (French sports goods retailer)
✘ 4. जर्मन खेल सामान खुदरा विक्रेता (German sports goods retailer)

**Q.5** भारत में जिला न्यायालय के सिविल प्रशासन का प्रमुख कौन होता है?

Ans
✘ 1. जिला कलेक्टर
✘ 2. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
✘ 3. उच्च न्यायालय का महापंजीयक
✔ 4. जिला न्यायाधीश

Q.6 निम्नलिखित में से कौन-सी पर्वतमाला अपनी समृद्ध जैवविविधता के लिए जानी जाती है, और यूनेस्को (UNESCO) विश्व धरोहर स्थल भी है?

Ans
- ✗ 1. पूर्वी घाट
- ✓ 2. पश्चिमी घाट
- ✗ 3. छोटानागपुर पठार
- ✗ 4. सतपुड़ा पर्वतमाला

Q.7 दिसंबर 2024 PIB फैक्टशीट में हाइलाइट किए गए किस नए मैक्रोलाइड एंटीबायोटिक (macrolide antibiotic) को, समुदाय-उपार्जित निमोनिया के विरुद्ध भारत की पहली स्वदेशी औषधि के रूप में स्थान दिया जा रहा है?

Ans
- ✗ 1. डेलाफ्लोक्सासिन (Delafloxacin)
- ✗ 2. लेफामुलिन (Lefamulin)
- ✓ 3. नैफिथ्रोमाइसिन (Nafithromycin)
- ✗ 4. प्रीटोमैनिड (Pretomanid)

Q.8 साँची स्तूप के प्रवेश द्वारों पर पाई गई नक्काशी की उल्लेखनीय विशेषता क्या है?

Ans
- ✗ 1. बुद्ध का ज्ञान प्राप्ति के बाद का जीवन
- ✗ 2. मौर्य शाही व्यक्तित्व
- ✓ 3. जातक कथा आख्यान
- ✗ 4. यक्ष और किन्नर जैसे पौराणिक प्राणी

Q.9 सातवाहन साम्राज्य के दौरान, 'आहार' या 'राष्ट्र' शब्द किसको संदर्भित करते थे?

Ans
- ✗ 1. मंदिर भूमि
- ✗ 2. कर अधिकारी
- ✓ 3. जिला
- ✗ 4. राजधानी

Q.10 मगध काल की न्यायिक संरचना में वोहारिक (Voharikas) कौन थे?

Ans
- ✗ 1. ग्राम सभाओं के न्यायाधीश
- ✓ 2. वकील-न्यायाधीश
- ✗ 3. सैन्य जनरल
- ✗ 4. स्थानीय कर संग्रहकर्ता

Q.11 DRDO और भारतीय नौसेना द्वारा 26 मार्च 2025 को किस स्वदेशी विकसित मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया?

Ans
- ✗ 1. शॉर्ट-रेंज एंटी-टैंक मिसाइल (Short-Range Anti-Tank Missile)
- ✗ 2. एडवांस्ड शॉर्ट रेंज एयर-टु-एयर मिसाइल (Advanced Short Range Air-to-Air Missile)
- ✗ 3. शॉर्ट-रेंज सी-टु-सरफेस (कोस्ट) मिसाइल (Short-Range Sea-to-Surface (Coast) Missile)
- ✓ 4. वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टु-एयर मिसाइल (Vertically Launched Short-Range Surface-to-Air Missile)

Q.12 बंगाल सती विनियमन, निम्नलिखित में से किस वर्ष अधिनियमित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. 1818
- ✗ 2. 1837
- ✗ 3. 1858
- ✓ 4. 1829

Q.13 SAARC देशों की मुक्त व्यापार व्यवस्था, दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र (SAFTA), किस वर्ष लागू हुई?

Ans
- ✔ 1. 2006
- ✘ 2. 2010
- ✘ 3. 2018
- ✘ 4. 2000

Q.14 राष्ट्रीय बीज नीति (National Seeds Policy) निम्नलिखित में से किस वर्ष शुरू की गई थी?

Ans
- ✔ 1. 2002
- ✘ 2. 2007
- ✘ 3. 2018
- ✘ 4. 2010

Q.15 भारत में, योग्यता के आधार पर सिविल सेवकों की भर्ती का दायित्व किस निकाय को सौंपा गया है?

Ans
- ✘ 1. राष्ट्रपति सचिवालय
- ✘ 2. जिला बोर्डों के माध्यम से राज्य सरकारों
- ✔ 3. संघ लोक सेवा आयोग
- ✘ 4. भारत निर्वाचन आयोग

Q.16 डेस्कटॉप वॉलपेपर चेंज करने के लिए आप कौन-सा विकल्प चुनेंगे?

Ans
- ✘ 1. Settings > Ease of Access
- ✘ 2. Settings > Apps
- ✔ 3. Settings > Personalization
- ✘ 4. Settings > Devices

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा सरकारी कार्यक्रम मुख्य रूप से महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य देखभाल और पोषण सुनिश्चित करके मानव विकास में सुधार लाने पर केंद्रित है?

Ans
- ✘ 1. डिजिटल इंडिया (Digital India)
- ✔ 2. पोषण अभियान (Poshan Abhiyaan)
- ✘ 3. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (Beti Bachao, Beti Padhao)
- ✘ 4. स्किल इंडिया मिशन (Skill India Mission)

Q.18 भारत के पहले प्रमुख नौसैनिक अभ्यास 'AIKEYME' का उद्घाटन संस्करण अप्रैल 2025 में किस अफ्रीकी देश के तट पर आयोजित किया गया था?

Ans
- ✘ 1. कोमोरोस (Comoros)
- ✔ 2. तंजानिया (Tanzania)
- ✘ 3. सेशेल्स (Seychelles)
- ✘ 4. केन्या (Kenya)

Q.19 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, राष्ट्रीय जलमार्ग 10 (NW-10) से जुड़ी है?

Ans
- ✘ 1. ब्रह्मपुत्र नदी
- ✘ 2. यमुना नदी
- ✘ 3. चंबल नदी
- ✔ 4. अंबा नदी

Q.20 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य लोक कल्याण को बढ़ावा देने का निर्देश देता है?

Ans
- ✔ 1. अनुच्छेद 38
- ✘ 2. अनुच्छेद 42
- ✘ 3. अनुच्छेद 43
- ✘ 4. अनुच्छेद 47

Q.21 2025 में, दक्षिण चीन सागर पर किन दो देशों के बीच नए सिरे से तनाव उत्पन्न हो गया, जिससे समुद्री सुरक्षा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय चिंता उत्पन्न हो गई?

Ans
- ✗ 1. रूस और यूक्रेन
- ✗ 2. भारत और पाकिस्तान
- ✗ 3. अमेरिका और ईरान
- ✓ 4. चीन और फिलीपींस

Q.22 ___________, कलमकारी नामक कला शैली के लिए पारंपरिक आधार सामग्री के रूप में उपयोग की जाती है/किया जाता है।

Ans
- ✗ 1. धातु
- ✓ 2. कपड़ा
- ✗ 3. लकड़ी
- ✗ 4. कागज़

Q.23 निम्नलिखित में से किस शूटिंग स्पर्धा (दूरी में) में सिमरनप्रीत कौर बरार ने लीमा में आयोजित ISSF विश्व कप 2025 में महिला वर्ग में रजत पदक जीता?

Ans
- ✗ 1. 75 m
- ✗ 2. 50 m
- ✓ 3. 25m
- ✗ 4. 100 m

Q.24 [अक्टूबर 2024] मोंगला बंदरगाह, जो हाल ही में सामरिक विकास और व्यापार संबंधों के लिए खबरों में रहा, किस देश में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. म्यांमार
- ✗ 2. भारत
- ✗ 3. श्रीलंका
- ✓ 4. बांग्लादेश

Q.25 ज्वालामुखी प्रायः किस प्रकार की प्लेट परिसीमा (plate boundary) में पाए जाते हैं?

Ans
- ✗ 1. केवल अभिसारी और रूपांतरित परिसीमाएँ
- ✗ 2. केवल रूपांतरित परिसीमाएँ
- ✓ 3. अभिसारी और अपसारी परिसीमाएँ
- ✗ 4. केवल अपसारी परिसीमाएँ

Q.26 शिलांग की बारापानी झील को ________ के नाम से भी जाना जाता है।

Ans
- ✗ 1. जयसमंद झील
- ✗ 2. शिलोई झील
- ✓ 3. उमियम झील
- ✗ 4. हाफलोंग झील

Q.27 2025 में, निम्नलिखित में से किस संस्थान ने कर्तित पुष्पों के ताजापन को लंबे समय तक संरक्षित रखने के लिए कागज-आधारित तकनीक 'फ्रेशनेस कीपर (Freshness Keeper)' विकसित की है?

Ans
- ✗ 1. IIT मद्रास
- ✗ 2. भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान
- ✓ 3. CSIR-केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान
- ✗ 4. IIT बॉम्बे

Q.28 हर्शे-चेज प्रयोग ने यह ठोस साक्ष्य कब प्रदान किया कि प्रोटीन नहीं बल्कि DNA ही आनुवंशिक पदार्थ है?

Ans
✗ 1. 1950
✓ 2. 1952
✗ 3. 1957
✗ 4. 1946

Q.29 26 जनवरी, 2025 को आयोजित भारत के 76वें गणतंत्र दिवस परेड की आधिकारिक थीम क्या थी?

Ans
✗ 1. विकसित भारत: नवाचार एवं समावेशन
✗ 2. हर घर तिरंगा: विविधता में एकता
✓ 3. स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास
✗ 4. डिजिटल भारत: भविष्य आगे

Q.30 कंप्यूटर में RAM का मुख्य कार्य क्या है?

Ans
✗ 1. ग्राफ़िक्स को प्रोसेस करना
✓ 2. रन कर रहे प्रोग्राम के लिए अस्थायी संग्रहण प्रदान करना
✗ 3. डेटा को स्थायी रूप से संग्रहीत करना
✗ 4. प्रिंटर को नियंत्रित करना

Q.31 निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय योजना आयोग का सही वर्णन करता है?

Ans
✗ 1. संविधान के एक अनुच्छेद द्वारा स्थापित एक संवैधानिक निकाय।
✗ 2. 1950 में संसद के एक अधिनियम द्वारा निर्मित एक वैधानिक निकाय।
✗ 3. भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाला एक संवैधानिक आयोग।
✓ 4. 1950 में एक सरकारी प्रस्ताव द्वारा निर्मित एक अतिरिक्त-संवैधानिक सलाहकार निकाय।

Q.32 भारत में फ़कीर-सन्यासी विद्रोह के साथ देवी चौधुरानी और भवानी पाठक का संबंध निम्नलिखित में से क्या इंगित करता है?

Ans
✗ 1. इस आंदोलन पर उच्च जाति के कुलीन वर्ग का प्रभुत्व था।
✗ 2. बंगाल में केवल जनजाति समूहों ने ही ऐसे प्रतिरोधों का नेतृत्व किया।
✗ 3. ये विद्रोह विशुद्ध रूप से धार्मिक प्रकृति के थे।
✓ 4. इस विद्रोह में सभी धर्मों और लिंगों की भागीदारी थी।

Q.33 भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई 2025 में संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को कौन-सा ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया?

Ans
✓ 1. 58वां
✗ 2. 52वां
✗ 3. 48वां
✗ 4. 62वां

Q.34 2025 में, फ्रांस के किस शहर में फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी की जाएगी?

Ans
✗ 1. ल्यों (Lyon)
✗ 2. नीस (Nice)
✗ 3. मार्सिले (Marseille)
✓ 4. पेरिस (Paris)

Q.35 निम्नलिखित में से कौन-सा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत, चंद्रमा के गुरूत्वीय खिंचाव पर निर्भर करता है?

Ans
✗ 1. सौर ऊर्जा
✗ 2. पवन ऊर्जा
✗ 3. बायोमास ऊर्जा
✓ 4. ज्वारीय ऊर्जा

Q.36 निम्नलिखित में से कौन-सा अंग, आवृतबीजीयों में पुष्प के मादा जनन भाग को निरूपित करता है?

Ans
- ✗ 1. पुंकेसर (Stamen)
- ✗ 2. पुमंग (Androecium)
- ✓ 3. जायांग (Gynoecium)
- ✗ 4. पंखुड़ी (Petal)

Q.37 'ग्रैंड ओल्ड मैन ऑफ इंडिया' के नाम से किसे जाना जाता है, जिन्होंने भारतीय आर्थिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया?

Ans
- ✓ 1. दादाभाई नौरोजी
- ✗ 2. सुरेंद्रनाथ बनर्जी
- ✗ 3. गोपाल कृष्ण गोखले
- ✗ 4. लाला लाजपत राय

Q.38 आठवीं पंचवर्षीय योजना में रोजगार सृजन के लिए किन क्षेत्रों पर बल दिया गया है?

Ans
- ✗ 1. ऑटोमोटिव और इस्पात उद्योग
- ✗ 2. आईटी और सॉफ्टवेयर सेवाएं
- ✓ 3. पशुपालन, मत्स्य पालन, बागवानी और ग्रामीण उद्योग
- ✗ 4. बैंकिंग और वित्त

Q.39 किस भारतीय संस्थान ने एक किफायती उपकरण विकसित किया है जो रक्त से प्लाज्मा को तेजी से पृथक करने और पानी को शुद्ध करने में सक्षम है, जिसकी कीमत ₹1,000 है?

Ans
- ✓ 1. IIIT-इलाहाबाद
- ✗ 2. IIT कानपुर
- ✗ 3. IISc बेंगलुरु
- ✗ 4. IIT हैदराबाद

Q.40 संविधान के अनुच्छेद 239 के अंतर्गत, किसी केंद्र शासित प्रदेश को निम्नलिखित में से किसके द्वारा प्रशासित किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. भारत की संसद द्वारा
- ✗ 2. भारत के प्रधानमंत्री द्वारा
- ✗ 3. किसी निकटवर्ती राज्य के राज्यपाल द्वारा
- ✓ 4. भारत के राष्ट्रपति द्वारा

## Section : **Mathematics**

Q.1 एक बल्लेबाज द्वारा 23 मैचों में बनाए गए औसत रन 42 हैं। अगले 10 मैचों में, बल्लेबाज ने औसतन 15 रन बनाए। सभी 33 मैचों में उसके द्वारा बनाए गए औसत रन (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 32.82
- ✓ 2. 33.82
- ✗ 3. 35.82
- ✗ 4. 34.82

Q.2 संख्या 327087 निम्न में से किससे विभाज्य है?

Ans
- ✓ 1. 3
- ✗ 2. 5
- ✗ 3. 8
- ✗ 4. 12

Q.3 निम्नलिखित को सरल कीजिए।

$$3\left(\left(\frac{7}{3}\right)x^2 - 25x + 12\right) - 7(x^2 + 9x - 13)$$

Ans
✔ 1. −138x + 127
✘ 2. −138x − 127
✘ 3. 138x + 127
✘ 4. 138x − 127

Q.4 किसी कस्बे की वर्तमान जनसंख्या 14,680 है। यह दो क्रमिक वर्षों में 25% और 70% बढ़ जाती है, लेकिन तीसरे वर्ष में 20% घट जाती है। तीसरे वर्ष के अंत में कस्बे की जनसंख्या कितनी है?

Ans
✘ 1. 24,953
✔ 2. 24,956
✘ 3. 24,960
✘ 4. 24,958

Q.5 प्रशांत और निशा को अपनी-अपनी कारों से दिल्ली से कानपुर जाना है। प्रशांत 117 km/hr की चाल से गाड़ी चला रहा है, जबकि निशा 48 km/hr की चाल से गाड़ी चला रही है। यदि प्रशांत को कानपुर पहुंचने में 16 घंटे लगते हैं, तो निशा को पहुंचने में कितना समय लगेगा?

Ans
✘ 1. 44 घंटे
✘ 2. 36 घंटे
✘ 3. 45 घंटे
✔ 4. 39 घंटे

Q.6 ₹1,200 पर 4% मासिक ब्याज दर से 9 माह के लिए साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹56
✘ 2. ₹72
✘ 3. ₹432
✔ 4. ₹36

Q.7 65 का 65%, 15 के $\frac{1}{5}$ से कितना अधिक है?

Ans
✘ 1. 36.25
✘ 2. 33.25
✘ 3. 37.25
✔ 4. 39.25

Q.8 यदि किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज ₹2,352 है और ब्याज की दर 5% वार्षिक है जो वार्षिक रूप से संयोजित होती है, तो धनराशि ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. ₹45,115
✘ 2. ₹44,035
✘ 3. ₹44,855
✔ 4. ₹44,800

Q.9 12 पेन और 7 पेंसिल की कीमत ₹285 है। यदि पेन की कीमत ₹6 प्रति पेन कम हो जाती है और पेंसिल की कीमत ₹5 प्रति पेंसिल बढ़ जाती है, तो 11 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹118 हो जाती है। 2 पेन और 2 पेंसिल की मूल कीमत कितनी होगी?

Ans
✘ 1. ₹66
✔ 2. ₹70
✘ 3. ₹68
✘ 4. ₹73

Q.10 ₹658 की धनराशि को तीन व्यक्तियों के बीच 18 : 12 : 2 के अनुपात में बांटा जाता है। बंटन में सबसे बड़े हिस्से और सबसे छोटे हिस्से के बीच अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 242
✗ 2. 426
✓ 3. 329
✗ 4. 261

Q.11 एक दुकानदार ₹3,500 में एक साइकिल खरीदता है और उसे 20% की छूट पर बेचता है, जिसमें कोई लाभ या हानि नहीं होती। साइकिल का अंकित मूल्य क्या है?

Ans
✗ 1. ₹7,343
✓ 2. ₹4,375
✗ 3. ₹5,374
✗ 4. ₹3,475

Q.12 ABCD एक समलम्ब है जिसमें $BC \parallel AD$ और AC = CD है। यदि ∠ABC = 19° और ∠BAC = 137° है, तो ∠ACD की माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 128°
✗ 2. 120°
✓ 3. 132°
✗ 4. 131°

Q.13 एक मीनार के आधार से b2 m और a2 m की दूरी पर और इसके साथ एक ही सरल रेखा पर क्रमशः दो बिंदुओं X और Y (मीनार की विपरीत दिशाओं में) से मीनार के शीर्ष के उन्नयन कोण पूरक हैं। मीनार की ऊँचाई (m में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $ba^{\frac{1}{2}}$
✗ 2. $ab^{\frac{1}{2}}$
✓ 3. ab
✗ 4. $(ab)^{\frac{1}{2}}$

Q.14 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 80 है और तीसरी संख्या 109 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 190
✗ 2. 189
✗ 3. 194
✓ 4. 193

Q.15 A किसी कार्य को 12 दिनों में कर सकता है और B उसी कार्य को 18 दिनों में कर सकता है। यदि वे 4 दिनों तक एक साथ इस पर कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग शेष रह जाएगा?

Ans
✗ 1. $\frac{14}{9}$
✓ 2. $\frac{4}{9}$
✗ 3. $\frac{11}{9}$
✗ 4. $\frac{13}{9}$

Q.16 रेलगाड़ी A, स्टेशन M से 8:25 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:25 PM पर स्टेशन N पहुँचती है। रेलगाड़ी B, स्टेशन N से 10:25 AM पर निकलती है और उसी दिन 3:25 PM स्टेशन M पहुँचती है। रेलगाड़ी A और B के मिलने का समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 12:50 PM
✓ 2. 12:30 PM
✗ 3. 11:10 AM
✗ 4. 11:30 AM

Q.17 M और N एक व्यवसाय शुरू करते हैं। M, 3 महीने के लिए, N के निवेश से ₹46,000 अधिक निवेश करता है और N, 4 महीने के लिए निवेश करता है। कुल लाभ ₹1,359 में से M का हिस्सा, N के हिस्से से ₹453 अधिक है। M द्वारा निवेशित पूंजी ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. ₹73,600
✗ 2. ₹73,715
✗ 3. ₹73,608
✗ 4. ₹73,516

Q.18 12 cm आधार और 8 cm ऊंचाई वाले त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 60 $cm^2$
✓ 2. 48 $cm^2$
✗ 3. 72 $cm^2$
✗ 4. 96 $cm^2$

Q.19 यदि 6 अंकों की संख्या N83M92, 11 से विभाज्य है, तो नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, M और N के बीच संभावित सही संबंध व्यक्त कर सकता है?

Ans
✓ 1. M - N = 2
✗ 2. M = N
✗ 3. M - N = 1
✗ 4. M + N = -2

Q.20 जया एक काम को 30 दिनों में पूरा कर सकती है। जया और सुषमा मिलकर उसी काम को 21 दिनों में पूरा कर सकती हैं, और जया, सुषमा और हिना मिलकर उसी काम को 14 दिनों में पूरा कर सकती हैं। जया और हिना मिलकर उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकती हैं?

Ans
✗ 1. $\frac{27}{4}$
✗ 2. $\frac{44}{2}$
✗ 3. $\frac{31}{3}$
✓ 4. $\frac{35}{2}$

Q.21 नितिन ने कुछ पेंसिलें ₹180 प्रति दर्जन की दर से खरीदीं। उसने उन्हें ₹17 प्रति पेंसिल की दर से बेचा। उसका लाभ प्रतिशत ______% है। (दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।)

Ans
✗ 1. 11.33
✓ 2. 13.33
✗ 3. 17.33
✗ 4. 15.33

Q.22 संख्या 444348269 निम्नलिखित में से किससे विभाज्य है?

Ans
✔ 1. 19
✘ 2. 9
✘ 3. 10
✘ 4. 12

Q.23 वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जो 49, 97 और 189 को इस प्रकार विभाजित करे कि प्रत्येक स्थिति में शेषफल समान रहे।

Ans
✘ 1. 3
✘ 2. 7
✘ 3. 5
✔ 4. 4

Q.24 20 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 5 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ 1. 75% हानि
✘ 2. $\frac{100}{15}\%$ हानि
✘ 3. $\frac{100}{15}\%$ लाभ
✘ 4. 75% लाभ

Q.25 [954 ÷ {30 + 9 × (3 – 6)}] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 313
✘ 2. 321
✔ 3. 318
✘ 4. 319

Q.26 3 वर्ष पहले, पिता की आयु उसके पुत्र की आयु के दोगुने से 24 वर्ष अधिक थी। अब से कितने वर्षों बाद, उसकी आयु उसके पुत्र की आयु की दोगुनी हो जाएगी?

Ans
✘ 1. 23
✔ 2. 21
✘ 3. 19
✘ 4. 25

Q.27 $10^2 + \sqrt{2^2} - 4\sqrt{25} - 3$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 69
✘ 2. 78
✘ 3. 81
✔ 4. 79

Q.28 एक त्रिभुज की भुजाएँ 82 cm, 18 cm और 80 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 670
✘ 2. 712
✔ 3. 720
✘ 4. 731

Q.29 24 और 150 का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 50
2. 60 ✔
3. 70
4. 40

Q.30 ₹5,000 अंकित मूल्य वाली एक वस्तु पर 10% और 5% की क्रमिक छूट दी जाती है। अंतिम विक्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. ₹4,250
2. ₹4,320
3. ₹4,350
4. ₹4,275 ✔

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.1 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. TW-NR
2. JM-DH
3. PS-JM ✔
4. MP-GK

Q.2 संख्या 71642938 में प्रत्येक अंक को बाएँ से दाएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। मूल संख्या में अंको की स्थिति की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

Ans
1. एक ✔
2. तीन
3. दो
4. एक भी नहीं

Q.3 बाबर बिंदु A से यात्रा शुरू करता है और पश्चिम की ओर 14 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है। अंततः वह दाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर फिर से पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 20 km, पश्चिम की ओर
2. 20 km, उत्तर की ओर
3. 18 km, पूर्व की ओर ✔
4. 18 km, पश्चिम की ओर

Q.4 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। G और A के बीच में केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। B के ऊपर केवल F को रखा गया है। A के नीचे कोई भी बॉक्स नहीं रखा गया है। E को C के नीचे किसी स्थान पर लेकिन D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। D और F के बीच में कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
1. तीन
2. दो
3. चार ✔
4. एक

**Q.5** दिए गए कथनों और निष्कर्षों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पक्षी, पशु हैं।
सभी पशु, मेज हैं।

निष्कर्ष:
(I): कुछ पक्षी, मेज हैं।
(II): सभी मेज, पशु हैं।

**Ans**
✗ 1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✗ 2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✓ 4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Q.6** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि ‘A, B की पुत्री है’,
A – B का अर्थ है कि ‘A, B की पत्नी है’,
A x B का अर्थ है कि ‘A, B का पिता है’ और
A ÷ B का अर्थ है कि ‘A, B का भाई है’।

यदि ‘A + E – F x N ÷ S’ है, तो A का S से क्या संबंध है?

**Ans**
✗ 1. पिता की माता
✗ 2. माता की माता
✓ 3. बहन
✗ 4. पिता की बहन

**Q.7** यदि ‘+’ और ‘×’ को परस्पर बदल दिया जाए तथा ‘–’ और ‘÷’ को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

38 ÷ 7 + 5 × 20 − 4 = ?

**Ans**
✓ 1. 8
✗ 2. 27
✗ 3. 15
✗ 4. 22

**Q.8** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से RUTW का संबंध TWVY से है। उसी तरीके से, MPOR का संबंध ORQT से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, VYXA का संबंध दिए गए विकल्पों में से किस विकल्प से है?

**Ans**
✗ 1. XBYE
✓ 2. XAZC
✗ 3. XAYC
✗ 4. XZYC

**Q.9** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

HIVE - EHVI - HEIV
FANG - GFNA - FGAN

**Ans**
✗ 1. RAIN - NRIA - RANI
✗ 2. SORT - TSOR - ORTS
✗ 3. TENS - ETNS - SENT
✓ 4. MUSK - KMSU - MKUS

Q.10 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 267 513 671 895 729 (दाएं)

(उदाहरण के लिए 697 लीजिए – इसमें पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9, और तीसरा अंक = 7 है)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की ओर की जानी चाहिए।)

यदि प्रत्येक संख्या के अंकों का योग किया जाता है और उनके संबंधित परिणामों को आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है, तो दाएं छोर से चौथे स्थान पर कौन-सी संख्या होगी?

Ans
✗ 1. 15
✗ 2. 18
✗ 3. 9
✓ 4. 14

Q.11 दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

LDH 14, NFJ 17, PHL 20, RJN 23, ?

Ans
✗ 1. RTS 26
✓ 2. TLP 26
✗ 3. TMQ 27
✗ 4. RTQ 27

Q.12 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
ACF : CEH
PET : RGV

Ans
✗ 1. WDX : ZFY
✗ 2. SAD : TBO
✓ 3. XVN : ZXP
✗ 4. QTP : SUW

Q.13 J, K, L, M, N, O और S, एक गोल मेज परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। O के बाएं से गिनने पर O और J के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। M के दाएं से गिनने पर K और M के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S, K के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। M और J का निकटतम पड़ोसी N है। L के बाएं दूसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. O
✓ 2. N
✗ 3. M
✗ 4. J

Q.14 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

27 35 51 75 107 ?

Ans
✗ 1. 125
✗ 2. 148
✗ 3. 174
✓ 4. 147

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✓ 1. OKM
✗ 2. RNQ
✗ 3. LHK
✗ 4. UQT

Q.16 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

**LIF 13, DAX 24, VSP 46, NKH 90, FCZ 178, ?**

Ans
✔ 1. XUR 354
✘ 2. XUM 354
✘ 3. XUR 351
✘ 4. UUR 354

Q.17 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(नोट: सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)

(बाएं) 1 & 9 6 > 7 5 * 7 + 5 ^ 7 0 * 4 % $ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans
✘ 1. नौ
✘ 2. आठ
✔ 3. छह
✘ 4. सात

Q.18 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**102 108 120 138 162 ?**

Ans
✘ 1. 204
✔ 2. 192
✘ 3. 230
✘ 4. 212

Q.19 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएं करके दूसरी संख्या प्राप्त होती है। उस संख्या-युग्म का चयन कीजिए जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित युग्मों की संख्याएं संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए -13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**227, 112**
**240, 125**

Ans
✘ 1. 215, 110
✘ 2. 254, 129
✔ 3. 262, 147
✘ 4. 210, 85

Q.20 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। E के दाईं ओर तीसरे स्थान पर B बैठा है। B के ठीक बाईं ओर पड़ोस में F बैठा है। A और B का निकटतम पड़ोसी C है। G, F का निकटतम पड़ोसी नहीं है। G के बाईं ओर से गिनने पर D और G के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. पांच
✔ 2. चार
✘ 3. तीन
✘ 4. दो

Q.21 सात बॉक्स A, B, C, D, E, F और G एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि इसी क्रम में हों। A के ऊपर केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। F और A के बीच केवल एक बॉक्स रखा गया है। F और E के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। E को A के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। B को E के ठीक नीचे रखा गया है। G को D के ऊपर किसी स्थान पर रखा गया है। C को F के ठीक ऊपर या नीचे नहीं रखा गया है। B के ऊपर कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✔ 1. 2
✘ 2. 4
✘ 3. 1
✘ 4. 3

Q.22 श्याम, बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और पूर्व की ओर 12 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 9 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
✘ 1. 19 km, उत्तर की ओर
✔ 2. 16 km, उत्तर की ओर
✘ 3. 19 km, पूर्व की ओर
✘ 4. 16 km, दक्षिण की ओर

Q.23 एक निश्चित कूट भाषा में, 'ALPS' को '3257' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'PUNE' को '1346' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'P' के लिए कूट क्या है?

Ans
✔ 1. 3
✘ 2. 5
✘ 3. 7
✘ 4. 1

Q.24 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तथा '−' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$21 \div 57 - 3 \times 8 + 4 = ?$

Ans
✘ 1. 23
✔ 2. 34
✘ 3. 45
✘ 4. 56

Q.25
सात बॉक्स F, G, H, I, K, L और O एक के ऊपर एक रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
O को नीचे से दूसरे स्थान पर रखा गया है। O और G के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। L को O के नीचे किसी एक स्थान पर रखा गया है। G और H के बीच केवल I को रखा गया है। F को G के ऊपर किसी एक स्थान पर रखा गया है।
L और F के बीच कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✘ 1. तीन
✘ 2. चार
✘ 3. एक
✔ 4. पाँच

Q.26 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:

सभी भौतिक विज्ञानी, रसायनशास्त्री हैं।
कोई भी रसायनशास्त्री, जीवविज्ञानी नहीं है।

निष्कर्ष:

I. कोई भी जीवविज्ञानी, भौतिक विज्ञानी नहीं है।
II. कुछ जीवविज्ञानी, भौतिक विज्ञानी हैं।

Ans
✔ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ 3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

Q.27 एक निश्चित कूट भाषा में, 'MADE' को '4172' और 'HAME' को '2475' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'H' के लिए कूट क्या है?

Ans
✘ 1. 7
✔ 2. 5
✘ 3. 2
✘ 4. 4

Q.28 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✔ 1. SO−ON
✘ 2. TP−QM
✘ 3. PL−MI
✘ 4. AW−XT

Q.29 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

36 51 45 64 54 77 63 90 72 ?

Ans
✘ 1. 113
✘ 2. 106
✔ 3. 103
✘ 4. 110

Q.30 यदि संख्या 7145362 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या के अंतिम दो तथा पहले दो अंकों का योग कितना होगा?

Ans
✘ 1. 25
✔ 2. 24
✘ 3. 27
✘ 4. 26